दिन– शनिवार　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 10 / 08 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　अवधि– 15 मिनट

---

01. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के दूसरे चरण को मंजूरी दी। शहरी, निर्धन और मध्य वर्गीय परिवारों के लिए एक करोड़ आवास बनाए जायेंगे।

02. मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने बिहार समेत सात राज्यों में रेलवे की चौबीस हजार छह सौ सत्तावन करोड़ रुपये की आठ परियोजनाओं को मंजूरी दी।

03. केन्द्र सरकार ने विशेष सहायता के तहत बिहार के लिए पांच हजार पांच सौ बत्तीस करोड़ रूपये की योजनाओं की स्वीकृति प्रदान की।

04. और, नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र में हो रही भारी बारिश के चलते प्रदेश की कई प्रमुख और सहायक नदियां उफान पर। पटना, बक्सर, सुपौल और अररिया समेत कई जिलों के निचले इलाकों में बाढ़ के हालात।

---

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के दूसरे चरण को मंजूरी दे दी है। योजना का दूसरा चरण वित्त वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस से दो हजार अट्ठाईस–उनतीस के दौरान पूरा किया जाएगा। केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कल रात मीडिया को बताया कि इस योजना के तहत तीन करोड़ नये आवास बनाए जाऐंगे। श्री वैष्णव ने कहा कि इनमें से दो करोड ग्रामीण क्षेत्रों में और एक करोड शहरी क्षेत्रों में बनाए जायेंगे।

–––बाईट–––

मंत्रिमंडल ने कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रस्तावित स्वच्छ संयंत्र कार्यक्रम को भी मंजूरी दी। एक अन्य महत्वपूर्ण फैसले में मंत्रिमंडल ने उन्नत जैव ईंधन परियोजना को वित्तीय सहायता मुहैया कराने के लिए संवर्धित प्रधानमंत्री जीवन योजना को भी स्वीकृत किया है।

सूचना और प्रसारण मंत्री ने कहा कि बैठक में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट के हाल के फैसले पर विस्तृत चर्चा हुई।

———बाईट———

———————————————

प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति की बैठक में रेल मंत्रालय की आठ परियोजनाओं को मंजूरी दी गयी है। इन पर चौबीस हजार छह सौ सत्तावन करोड़ रुपये की लागत आने की अनुमान है। बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संवाददाताओं को बताया कि ये परियोजनाएं बिहार सहित सात राज्यों के चौदह जिलों को कवर करेंगी। श्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि विक्रमशिला—कटारिया रेलमार्ग, बिहार से संबंधित है। ये रेलमार्ग आवश्यक वस्तुओं के परिवहन की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण हैं। इनसे प्रतिवर्ष चौदह करोड़ तीस लाख मिलियन टन माल ढुलाई की अतिरिक्त क्षमता उपलब्ध होगी।

———————————————

केन्द्र सरकार ने विशेष सहायता के तहत बिहार के लिए पांच हजार पांच सौ बत्तीस करोड़ रूपये की योजनाओं की मंजूरी दी है। यह राशि प्रदेश में बिजली, सड़क, सिंचाई और स्वास्थ्य सहित कई क्षेत्रों में योजनाओं पर खर्च की जाएगी। वित्त विभाग के अनुसार सबसे अधिक ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में सड़क निर्माण मद में डेढ़—डेढ़ हजार करोड़ रूपये की मंजूरी दी गयी है। वहीं, ऊर्जा और स्वास्थ्य विभाग को सात—सात सौ करोड़, शिक्षा के लिए पांच सौ करोड़, जल संसाधन के लिए तीन सौ बत्तीस करोड़, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण के लिए तीन सौ करोड़ और ग्रामीण सड़कों के निर्माण लिए पंद्रह सौ करोड़ रूपये की स्वीकृत दी गयी है। केन्द्र की ओर से स्वीकृत राशि में से प्रदेश को पहली किस्त के रूप में तीन हजार छह सौ इक्यावन करोड़ रूपये की राशि जारी कर दी गयी है।

———————————————

संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई है। संसद का बजट सत्र बाईस जुलाई को शुरू हुआ था और यह सोमवार बारह अगस्त को समाप्त होने वाला था। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिडला ने कहा कि एक सौ पंद्रह घंटे तक चले इस सत्र में पंद्रह बैठकें हुईं। उन्होंने कहा कि बजट पर सत्ताईस घंटे से ज्यादा चर्चा हुई। उन्होंने बताया कि सत्र के दौरान बारह विधेयक पेश किए गए और इनमें से चार विधेयक लोकसभा ने पारित किए।

———————————————

राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने लोगों से हर घर तिरंगा अभियान से जुड़ने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि इससे लोगों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा के प्रति जागरूकता के साथ–साथा  सम्मान का भाव बढ़ेगा और उनके हृदय में देशभक्ति की भावना बढ़ेगी, इससे भारत की एकता और अखंडता मजबूत होगी।

---

राज्य सरकार ने प्रदेश के सभी जिलों में बीस सूत्री समिति का गठन कर दिया है। राज्य मंत्रिमंडल सचिवालय की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार जिलों के प्रभारी मंत्री इन समितियों के अध्यक्ष बनाए गये हैं। वहीं, एनडीए सरकार में शामिल भाजपा और जदयू समेत सहयोगी दलों हम और लोजपा, आर के जिलाध्यक्षों को समिति का उपाध्यक्ष बनाया गया है। जिला स्तरीय कार्यक्रम कार्यान्वयन के लिए हर जिला समिति में एक अध्यक्ष, दो उपाध्यक्ष समेत पच्चीस सदस्य मनोनित किये गये हैं। संबंधित जिले के लोकसभा, राज्यसभा सांसद, विधायक, विधान पार्षद, जिला परिषद के अध्यक्ष और नगर निगम के महापौर समिति के पदेन सदस्य होंगे।

---

बिहार समेत छह राज्यों में आज से फाईलेरिया यानि हाथीपांव मुक्त अभियान चलाया जाएगा। केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से चलाया जाने वाला यह अभियान दो हफ्तों तक प्रदेश के तेरह जिलों में शुरू किया जाएगा। अभियान के तहत स्वास्थ्य कर्मी घर–घर जाकर लोगों को फाईलेरिया से बचाव की दवा निःशुल्क उपलब्ध करायेंगे। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि फरवरी दो हजार पच्चीस तक राज्य फाईलेरियाग्रस्त बाईस हजार सात बीस रोगियों की सर्जरी अनिवार्य रूप से करने के निर्देश दिये हैं। श्री पांडेय पटना ने एमडीए कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि इसके लिए रणनीति बनाकर सभी अस्पतालों में व्यवस्था की जाएगी।

---

नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र में हो रही भारी बारिश के चलते प्रदेश की प्रमुख और सहायक नदियों के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगा, गंडक, कोसी, बागमती, लखनदेई, परमान, बूढ़ी गंडक, पुनपुन और घाघरा नदी प्रदेश में कई स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर बह रही है।

गंगा नदी का जलस्तर पटना के गांधी घाट में खतरे के निशान छत्तीस सेंटीमीटर और हाथीदह में आठ सेंटीमीटर दर्ज किया गया है। एक रिपोर्ट–

–––बाईट–––

गंगा नदी के जलस्तर में लगातार वृद्धि हो रही है। इसके चलते नीचले इलाकों में बाढ़ का पानी फैलता जा रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर का जायजा लिया। श्री कुमार ने हालात को देखते हुये अधिकारियों को अलर्ट पर रहने का निर्देश दिया। बढ़ते जलस्तर को देखते हुये गंगा नदी के किनारे आज और रविवार को होने वाली गंगा महाआरती को सुरक्षा के दृष्टिकोण से गंगा नदी का पानी बढ़ने के कारण बंद कर दिया गया। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से आशिष रजंन।

बक्सर से हमारे संवाददाता ने खबर दी है कि यहां भी गंगा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। वहीं, कर्मनाशा नदी का पानी फैलने से फसले डूब गई हैं। बिहार और यूपी को जोड़ने वाली सड़क पर भी पानी चढ़ गया है। इसके मद्देनजर लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। जिला प्रशासन ने बक्सर कोइलवर तटबंध की निगरानी का निर्देश दिया है। इधर, भागलपुर के कहलगांव में भी गंगा नदी का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया है। सोन नदी का जलस्तर पटना के मनेर में खतरे के निशान के आस–पास बना हुआ है। उधर, पुनपुन नदी का जलस्तर पटना के श्रीपालपुर में लाल निशान के पास है। गोपालगंज में गंडक नदी के जलस्तर में वृद्धि होने से कुचायकोट प्रखण्ड के काला मटिहनिया में तटवर्तीय इलाकों में बाढ का खतरा बढ़ गया है। सुपौल में कोसी नदी के जलस्तर में उतार–चढ़ाव जारी है। हमारे संवाददाता ने खबर दी है कि बाढ़ के कारण हजारों एकड़ में लगी फसल को नुकसान पहुंचा है। बूढ़ी गंडक नदी खगड़िया में, कमला बलान मधुबनी के झंझारपुर में और परमान नदी अररिया में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। अररिया में लगातार हो रही बारिश के कारण निचले इलाकों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गयी है।

---

मौसम विभाग ने आज गोपालगंज, सीवान और सारण जिले में कुछ स्थानों पर बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, मुजफ्फरपुर और वैशाली जिले में भी कुछ स्थानों पर भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। शेष स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। इस दौरान मेघगर्जन के साथ वज्रपात की भी आशंका है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि अगले पांच दिनों तक राज्य में मॉनसून सक्रिय रहेगा।

---

पटना जिला प्रशासन ने राजधानी में नियमों की अवहेलना कर चालये जा रहेएक सौ चौबीस कोचिंग संस्थानों को बंद करने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी डॉ. चंद्रशेखर सिंह की अध्यक्षता में बिहार कोचिंग संस्थान अधिनियम के तहत गठित जिला स्तरीय कोचिंग निबंधन समिति की बैठक में यह फैसला लिया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि ये सभी कोचिंग संस्थान पंजीकरण के लिए अयोग्य पाये गये हैं। इन सभी संस्थानों की सूची जिला प्रशासन के संबंधित अधिकारियों को भेज दी गयी है।

---

पेरिस ओलिंपिक में भारतीय पहलवान अमन सहरावत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुश्ती में पुरुषों की सत्तावन किलोग्राम फ्रीस्टाइल स्पर्धा में कांस्य पदक जीत लिया है। सहरावत ने प्यूर्टो रिको के डेरियन क्रूज़ को तेरह–पांच से हराया। यह पेरिस ओलिंपिक में भारत का छठा और कुश्ती में पहला पदक है।

---

अखबारों की सुर्खियां.....

अब बिहार से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है – राज्यसभा में लहजे को लेकर तकरार। अखबार लिखता है – इस मुद्दे पर एकजुट विपक्ष ने सदन से बॉक आउट किया।

**दैनिक जागरण** की प्रमुख खबर है – केन्द्रीय कैबिनेट ने कहा – एससी–एसटी में क्रिमी लेयर का प्रावधान नहीं होगा लागू।

**दैनिक भास्कर** लिखता है – केन्द्र सरकार ने बांग्लादेश बॉर्डर पर हालात के मद्देनजर हाई लेवल कमिटी बनायी।

**आज** अखबार की सुर्खी है – यूपीएएससी मुख्य परीक्षा बीस सितम्बर से।

**राष्ट्रीय सहारा** की खबर है – संसद सत्र अनिश्चित काल के लिए स्थगित।

**प्रभात खबर** ने पेरिस ओलंपिक की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुए लिखा है– सेहरावत से कुश्ती को शोहरत। अमन ने जीता सत्तावन किलो फ्रीस्टाईल भार वर्ग में कांस्य।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के दूसरे चरण को मंजूरी दी। शहरी, निर्धन और मध्य वर्गीय परिवारों के लिए एक करोड़ आवास बनाए जायेंगे।

02. मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने बिहार समेत सात राज्यों में रेलवे की चौबीस हजार छह सौ सत्तावन करोड़ रुपये की आठ परियोजनाओं को मंजूरी दी।

03. केन्द्र सरकार ने विशेष सहायता के तहत बिहार के लिए पांच हजार पांच सौ बत्तीस करोड़ रूपये की योजनाओं की स्वीकृति प्रदान की।

04. और, नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र में हो रही भारी बारिश के चलते प्रदेश की कई प्रमुख और सहायक नदियां उफान पर। पटना, बक्सर, सुपौल और अररिया समेत कई जिलों के निचले इलाकों में बाढ़ के हालात।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।